an>

Title: Need to provide adequate relief package to farmers in drought-hit Maharashtra.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : महोदय, महाराष्ट्र की एक गम्भीर समस्या को शून्य काल के माध्यम से मैं इस सदन में पेश कर रहा हूँ। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार की तरफ से उसके ऊपर तुरन्त राहत देने के लिए माँग कर रहा हूँ।

महोदय, महाराष्ट्र का जो मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र है, उस क्षेत्र में इस वर्ष सूखा, अकाल पड़ा है। कल ही इस सदन में एक प्रश्न के उत्तर में केन्द्र सरकार ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2014 में जो सूखा, अकाल पड़ा है, उसमें जिन किसानों ने आत्महत्या की, उनके बारे में महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार के पास कोई टिप्पणी नहीं दी है। मैं बताना चाहता हूं कि जनवरी से इस नवंबर तक सिर्फ मराठवाड़ा में 364 किसानों ने सूखे की वजह से आत्महत्या की है। कल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र शासन की तरफ से केंद्र सरकार को पूरी टिप्पणी दी है।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं कि सूखे के वजह से जिन 364 किसानों ने जनवरी से आज तक आत्महत्या की है, उनके परिवारों को आधार देने के लिए केन्द्र सरकार पांच लाख रूपए सहायता देने की तुरंत व्यवस्था करे। इसके साथ-साथ विदर्भ और मराठवाड़ा के जिस एरिया में सूखा पड़ा है, उन सारे किसानों को दस हजार रूपए प्रति एकड़ तुरंत सहायता देने का आदेश केन्द्र सरकार को देना चाहिए। जो सूखा पीड़ित प्रदेश है, इस प्रदेश के किसानों के ऊपर जितने भी बैंक और एजेंसीज के कर्ज हैं, उनको माफ करना चाहिए और बिजली के बिल माफ करने चाहिए। जो बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं, उनकी भी फीस भरनी पड़ेगी, उसे भी तुरंत माफ करने का आदेश देना चाहिए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER:

S/Shri Chandrakant Khaire,

Rajeev Satav,

Arvind Sawant,

Rahul Shewale,

Anandrao Adsul and

Dr. Shrikant Eknath Shinde are allowed to associate with the issue raised by Shri Vinayak Bhaurao Raut.